हरिभूमि
विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, बुधवार 26 अगस्त 2026
गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

06 रक्षाबंधन को लेकर बाजारों में लौटी रौनक, बहिनें कर...



09 बाइक सवार को बचाने के प्रयास में गड्ढे में गिरी...



खबर संक्षेप

आज निकलेगा जुलूस-ए-मुहम्मदी

विदिशा। जश्ने ईद मिलादुन्नबी के मुबारक अवसर पर मुस्लिम समाज द्वारा आज बुधवार को विदिशा में जुलूस-ए-मुहम्मदी निकाला जाएगा। जुलूस दोपहर 2 बजे बड़ी बजरिया से प्रारंभ होगा। ऑल इंडिया मुस्लिम त्योहार कमेटी के जिला अध्यक्ष सोहेल अहमद बबलू ने बताया कि जुलूस बड़ा बाजार, तिलक चौक, माधवगंज, हॉस्पिटल रोड, नीमताल, चौधरी हाउस के सामने से होते हुए पेड़ी चौराहा पहुंचेगा और फिर बड़ी बजरिया लौटेगा। यहां दुआ और दरूद के साथ जुलूस का समापन होगा। जुलूस प्रभारी चौधरी जुबेर अहमद पाशा के नेतृत्व में आयोजन होगा। आयोजकों ने शांति, सौहार्द और भाईचारे के साथ शामिल होने की अपील की है।

अग्रसेन जयंती 11 को अंकुर गोयल अध्यक्ष बने


विदिशा। महाराजा अग्रसेन जयंती 11 अक्टूबर को मनाई जाएगी। आयोजन को लेकर अग्रवाल समाज विदिशा की साधारण सभा हुई, जिसमें सचिन अग्रवाल को आगामी दो वर्षों के लिए पुनः



अध्यक्ष मनोनीत किया गया। जयंती महोत्सव के लिए गठित समिति के अध्यक्ष पद पर अंकुर गोयल (मोनू) को सर्वसम्मति से पुनः नियुक्त किया गया। उन्हें टीम गठित कर आयोजन की तैयारियां शुरू करने को कहा गया। समाजजनों ने उन्हें बधाई देते हुए पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। बैठक में अनेक वरिष्ठ एवं युवा सदस्य मौजूद रहे। संस्थापक सदस्य एवं पूर्व अध्यक्ष सत्यप्रकाश अग्रवाल के निधन पर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई।

व्रती श्रावक नेमिचंद जैन का इंदौर में अंतिम संस्कार

शमशाबाद। प्रेस क्लब अध्यक्ष अभिषेक जैन के पिता एवं शमशाबाद जैन समाज के व्रती



श्रावक नेमिचंद जैन शिक्षक का असाता कर्म के उदय से निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार इंदौर स्थित उदासीन आश्रम में किया गया। अंतिम संस्कार में शमशाबाद के गणमान्य नागरिकों सहित जैन समाज के बड़ी संख्या में लोग इंदौर पहुंचे और दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की। जीवन के अंतिम समय में उन्हें मुनिश्री सुधासागर जी महाराज के मुखारविंद से धर्मदेशना सुनने का सौभाग्य मिला। उनके निधन से जैन समाज में शोक की लहर है।

वात्सल्य में नवीन कार्यकारिणी घोषित

विदिशा। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के लीड योर कैंपस अभियान के तहत वात्सल्य विद्यालय परिसर की नवीन कार्यकारिणी की घोषणा की गई। अभियान का उद्देश्य विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता विकसित करना और पढ़ाई के साथ व्यक्तित्व निर्माण को बढ़ावा देना है। नवीन कार्यकारिणी में अनिरुद्ध रघुवंशी को विद्यालय अध्यक्ष तथा देव दांगी को विद्यालय मंत्री बनाया गया। कार्यकारिणी में कुल 25 कार्यकर्ताओं को विभिन्न दायित्व सौंपे गए। कार्यक्रम में अभाविप के जिला संगठन मंत्री हिमांशु श्रोती एवं नगर मंत्री सूर्यांश दांगी सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। अभियान के माध्यम से नगर के विभिन्न विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में भी कार्यकारिणी गठित की जाएगी।

20 से अधिक शिकायतों पर कार्रवाई के निर्देश

विदिशा। एसपी रोहित काशवानी ने मंगलवार को जनसुनवाई में जिलेभर से आए नागरिकों की समस्याएं सुनीं। 20 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए। एसपी ने कार्रवाई के निर्देश दिए। जनसुनवाई में पारिवारिक विवाद, भूमि संबंधी मामलों सहित विभिन्न पुलिस संबंधी शिकायतें सामने आईं।

मौसम: पिछले साल अब तक 952.6 मिमी बारिश हुई थी

2 दिन से बारिश: हलाली का जलस्तर 20 सेमी बढ़ा, अब तक सिर्फ 624.2 मिमी औसत वर्षा

25 अगस्त तक इस मानसून सीजन में जिले में औसतन 624.2 मिमी बारिश दर्ज की गई है। जिले की सामान्य औसत वर्षा 1075.5 मिमी है। इस लिहाज से जिला अभी भी सामान्य बारिश से 451.3 मिमी पीछे है। पिछले साल इसी अवधि तक औसत बारिश 952.6 मिमी थी, जो इस बार के आंकड़े से 328.4 मिमी अधिक थी। मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों तक जिले में बारिश जारी रहने की संभावना जताई है। 26 अगस्त को जिले में भारी बारिश होने का अनुमान है।

शहर की सड़कों पर कीचड़ से वाहन चालक परेशान।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

जिले में मानसून ने एक बार फिर रफ्तार पकड़ ली है। पिछले दो दिनों से जिले के अलग-अलग हिस्सों में बारिश का दौर जारी है। सोमवार को विदिशा शहर में तेज बारिश से सड़कें और गलियां जलमग्न हो गईं।

मंगलवार सुबह शहर सहित कुरवाई में भी झमाझम बारिश हुई। लगातार बारिश से जिले के प्रमुख जलस्रोत सम्राट अशोक सागर (हलाली डैम) का जलस्तर भी बढ़ा है। 25 अगस्त की सुबह तक विदिशा में 40 मिमी, कुरवाई में 24.8 मिमी, गुलाबगंज में 22 मिमी, ग्यारसपुर में 14.5 मिमी और नटेरन में 11 मिमी बारिश दर्ज की गई।

इससे पहले रविवार को लटेरी में करीब एक घंटे तक तेज बारिश हुई थी, जिससे निचली बस्तियों और मुख्य बाजार की सड़कों पर पानी भर गया था। 25 अगस्त तक इस मानसून सीजन में जिले में औसतन 624.2 मिमी बारिश दर्ज की गई है। जिले की सामान्य औसत वर्षा 1075.5 मिमी है। इस लिहाज से जिला अभी भी सामान्य बारिश से 451.3 मिमी पीछे है। पिछले साल इसी अवधि तक औसत बारिश 952.6 मिमी थी, जो इस बार के आंकड़े से 328.4 मिमी अधिक थी।



विदिशा। दो दिन से हो रही बारिश के कारण शहर में जलभरा की स्थित बन रही।

जिले में अब तक बारिश

विदिशा	581 मिमी
बासौदा	748 .8 मिमी
कुरवाई	589 मिमी
सिरोंज	604 मिमी
लटेरी	846 .6 मिमी
ग्यारसपुर	597 .5 मिमी
गुलाबगंज	377 मिमी
नटेरन	638 मिमी
शमशाबाद	555 मिमी
पठारी	686 .6 मिमी

जिले में अब तक कुल 624 .2 मिमी औसत वर्षा दर्ज हुई है जबकि गतवर्ष उक्त अवधि में 952 .6 मिमी औसत वर्षा दर्ज हुई थी।

अगले तीन दिन जिले में बारिश के आसार

मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों तक जिले में बारिश जारी रहने की संभावना जताई है। 26 अगस्त को जिले में भारी बारिश होने का अनुमान है। बारिश जारी रहने से जलस्रोतों के जलस्तर में और बढ़ोतरी की उम्मीद है। हालांकि, सामान्य बारिश का आंकड़ा पूरा करने के लिए जिले में अभी अच्छी बारिश की जरूरत बनी हुई है। लगातार बारिश का असर सम्राट अशोक सागर (हलाली डैम) पर भी दिखाई दे रहा है। 25 अगस्त की सुबह 8 बजे डैम का जलस्तर 458 .10 मीटर दर्ज किया गया, जबकि 24 अगस्त को यह 457 .90 मीटर था। यानी 24 घंटे में जलस्तर 20 सेंटीमीटर बढ़ा है। डैम में वर्तमान में 173 .902 एमसीएम पानी है और जलभराव 68 .97 प्रतिशत हो गया है। 24 अगस्त को यह 65 .43 प्रतिशत था। डैम का फुल टैंक लेवल 459 .61 मीटर है, जबकि वर्तमान जलस्तर इससे करीब 1 .51 मीटर नीचे है। फिलहाल डैम के पांचों गेट बंद हैं।

मां और दो बेटियों की संदिग्ध मौत का मामला

ससुर घर पहुंचे तो अचेत पड़ीं थी दोनों पोतियां बहू कर रही थी उल्टियां

तबीयत खराब होने पर अस्पताल लाए थे परिजन, जहरीला पदार्थ खाने की आशंका

विदिशा। रीठा फाटक स्थित काछी मोहल्ले में दो मासूम बेटियों सहित मां की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। तबीयत बिगड़ने पर परिजन ने तीनों को अस्पताल में भर्ती कराया था। सोमवार शाम मृतका वर्षा दांगी 30 साल उनकी बड़ी बेटी सेजल (7) और सानवी (12) घर पर अकेले थे। कोतवाली एसआई मोहम्मद शाहिद के अनुसार सोमवार शाम मृतका के ससुर घर पहुंचे तो सानवी बेहोश जमीन पर पड़ी थी। बहू वर्षा उल्टियां कर रही थी। पूछने पर उसने बताया कि उसने साबूदाने की खिचड़ी खाई थी। इसके बाद वह सभी को लेकर अस्पताल पहुंचे।

इलाज के दौरान सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात पहले सेजल, फिर वर्षा और सानवी ने दम तोड़ दिया। रितेश ने बताया कि शाम करीब 6 बजे उसकी पत्नी वर्षा से फोन पर बात हुई थी। उस समय वर्षा ने सब कुछ ठीक होने की जानकारी दी थी।

पारिवारिक विवाद को बताया संभावित वजह

वर्षा के ममेरे भाई गोविंद दांगी ने घटना के पीछे पारिवारिक विवाद की आशंका जताई है। गोविंद ने कहा- वर्षा का मायका विदिशा जिले के थान्देर में है। वह दो भाइयों की इकलौती बहन थी। वर्षा और दो उसकी दो बेटियों की मौत की जानकारी मिलने के बाद वर्षा की मां की तबीयत भी बिगड़ गई। उन्हें मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया है। इधर जानकारी यह भी सामने आई है कि एक बेटी स्कूल में भी उल्टियां हुई थी तब दादी उसे स्कूल से घर लेकर आईं थीं। इसके बाद वह और उनकी छोटी बहू बाजार चली गईं।

13 साल पहले हुई शादी, पति की कपड़े की दुकान

रितेश और वर्षा की शादी करीब 13 साल पहले हुई थी। रितेश पीतलमिल पर कपड़े की दुकान चलाता है। सेजल और सानवी स्कूल में पढ़ती थीं। एक छोटी बेटी भी है। कोतवाली थाना एएसआई मोहम्मद शाहिद ने बताया कि अभी यह स्पष्ट नहीं है कि वह क्या था और किन परिस्थितियों में उसका सेवन किया गया।

ऑडिटोरियम में कचरा वाहन खड़े करना सांस्कृतिक धरोहर का अपमान: आशीष माहेश्वरी

ऑडिटोरियम को कचरा वाहनों का गैरेज बनाने का आरोप, निर्णय वापस नहीं तो आंदोलन की चेतावनी



विदिशा। नगरपालिका द्वारा ऑडिटोरियम में खड़े किए जा रहे कचरा वाहन।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

नगरपालिका रविन्द्र नाथ ऑडिटोरियम परिसर में कचरा वाहन खड़े करने के निर्णय का नगर पालिका नेता प्रतिपक्ष एवं पार्षद आशीष माहेश्वरी ने कड़ा विरोध किया है। उन्होंने इसे शहर की सांस्कृतिक एवं रचनात्मक धरोहर का अपमान बताते हुए निर्णय तत्काल वापस लेने की मांग की है।

माहेश्वरी ने कहा कि रविन्द्र नाथ ऑडिटोरियम का निर्माण बच्चों के शैक्षणिक कार्यक्रमों, स्कूलों के वार्षिक उत्सव, नाटक, संगीत, कवि सम्मेलन, सामाजिक सम्मान समारोह, सेमिनार, शासकीय प्रशिक्षण एवं जन-जागरूकता कार्यक्रमों के लिए किया गया है। उन्होंने कहा कि यह शहर की प्रतिभाओं का मंच है, कचरा गाड़ियों का गैरेज नहीं। इससे बच्चों, कलाकारों और नागरिकों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। उन्होंने मांग की कि जिस कंपनी ने कचरा संग्रहण का कार्य लिया है, वही वाहनों को खड़ा करने की वैकल्पिक व्यवस्था करे। माहेश्वरी ने चेतावनी दी कि निर्णय वापस नहीं लिया गया तो जन आंदोलन किया जाएगा। विरोध में पार्षद धर्मेंद्र यादव, पूर्व पार्षद बृजेंद्र वर्मा, पर्वत गौड़, जावेद मंसूरी, विशाल सक्सेना आदि मौजूद रहे।

पुण्य स्मृति पर रक्तदान अभियान चलाया गया

विदिशा। ब्रह्माकुमारी बालाजीपुरम सेवा केंद्र में दादी प्रकाशमणि जी की 19वीं पुण्य स्मृति पर विशाल रक्तदान अभियान आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विधायक मुकेश टंडन, श्यामसुन्दर शर्मा, अ, एसडीएम मनीष जैन सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। दीप प्रज्वलन एवं श्रद्धांजलि के बाद रक्तदान अभियान शुरू हुआ, जिसमें लोगों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान कर मानव सेवा का संदेश दिया। सेवा केंद्र प्रभारी बीके सपना दीदी, बीके जूली दीदी सहित कार्यकर्ताओं ने आयोजन में सहयोग किया। वक्ताओं ने रक्तदान को मानव सेवा का श्रेष्ठ माध्यम बताते हुए जरूरतमंदों की सहायता के लिए आगे आने का आह्वान किया।

त्योहारी सीजन में खाद्य प्रतिष्ठानों पर प्रशासन की सख्ती, मिठाई और किराना दुकानों से लिए नमूने

विदिशा, गंजबासौदा और लटेरी में खाद्य सुरक्षा टीम की कार्रवाई, नमूने जांच के लिए भेजे जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

आगामी त्योहारों को देखते हुए खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता और मिलावट की रोकथाम के लिए खाद्य सुरक्षा प्रशासन ने जिले में जांच अभियान तेज कर दिया है।

कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देशन में राजस्व एवं खाद्य सुरक्षा प्रशासन की संयुक्त टीम ने विदिशा शहर सहित गंजबासौदा और लटेरी क्षेत्र में मिठाई व खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। विदिशा में टीम ने रामजी मिठाईवाला राजीवनगर, राजस्थान स्वीट्स ढोलखेड़ी चौराहा, जैन स्वीट्स एंड कन्फेक्शनरी रामलीला चौराह तथा गोलू टी स्टॉल एंड रेस्टोरेंट लश्करपुर का निरीक्षण किया। सभी प्रतिष्ठानों में खाद्य अनुज्ञप्ति वैध पाई गई। खाद्य सुरक्षा अधिकारी किरण एम. श्रीवास्तव ने रामजी मिठाईवाला से आलू चिप्स व दूध मिठाई तथा गोलू टी स्टॉल से मावा, बर्फी और बेसन लड्डू के नमूने लिए।

गंजबासौदा और लटेरी में भी कार्रवाई

खाद्य सुरक्षा अधिकारी कुदसिया खान ने गंजबासौदा की मिठाई दुकानों से मावा बर्फी, अखरोट बर्फी, मलाई लड्डू, सोनपापड़ी सहित पनीर, घी, सेव और बेसन नुक्ति के नमूने लिए। 24 अगस्त को लटेरी क्षेत्र में रौनक किराना, मां अंबे श्री स्वीट्स आनंदपुर और विवेक ट्रेडर्स से सोनपापड़ी, बेसन, नमकीन, मावा बर्फी, घी, सोयाबीन तेल, किशमिश, रवा, मैदा आदि के नमूने लिए गए। सभी नमूने राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजे जाएंगे। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने विदिशा बस स्टैंड पर आने वाली बसों की सघन जांच की और बस संचालकों को निर्देश दिए कि मावा या अन्य संदिग्ध खाद्य सामग्री आने की सूचना मिलने पर तत्काल संबंधित विभाग को सूचित करें।

संयुक्त मोर्चा का दावा: शिक्षा मंत्री से हुई बात, रद्द होगी परीक्षा?

विदिशा। टीईटी परीक्षा की विसंगतियों को लेकर प्रदेश अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा ने सोमवार को शिक्षा मंत्री उदयप्रताप सिंह से मुलाकात की।

प्रतिनिधिमंडल ने शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं को लेकर चर्चा की। संयुक्त मोर्चा का दावा है कि शिक्षा मंत्री ने कहा कि सरकार शिक्षकों के साथ खड़ी है और टीईटी परीक्षा की विसंगतियों को दूर किया जाएगा। उन्होंने आश्वस्त किया कि तब तक परीक्षा निरस्त रहेगी। बैठक में शिक्षकों की वरिष्ठता और ई-



अटेंडेंस के मुद्दे पर भी चर्चा हुई। वरिष्ठता के संबंध में शिक्षा मंत्री ने 1 सितंबर के बाद मुख्यमंत्री से मोर्चा की मुलाकात कराने की बात कही, जबकि ई-अटेंडेंस में सुधार का आश्वासन दिया। मोर्चा ने टीईटी परीक्षा ब्लॉक एवं संकुल स्तर पर ऑफलाइन तथा ऑनलाइन दोनों विकल्पों के साथ कराने की मांग रखी। बैठक में मनोहर दुबे, राकेश दुबे, जगदीश यादव, भरत पटेल सहित पदाधिकारी मौजूद रहे।

ट्रैक्टर स्टार्टर चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

10 स्टार्टर बरामद, आरोपियों का पुराना रिकॉर्ड है

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

शहर में ट्रैक्टरों के स्टार्टर चोरी करने के मामले में कोतवाली पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी किए गए 10 ट्रैक्टर स्टार्टर बरामद किए हैं। आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद पुलिस अब अन्य चोरी की घटनाओं के बारे में पूछताछ कर रही है।

पुलिस के अनुसार पिछले कुछ दिनों से क्षेत्र में ट्रैक्टरों के स्टार्टर चोरी होने की शिकायतें मिल रही थीं। शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर कोतवाली थाना प्रभारी आनंद राज के नेतृत्व में विशेष टीम बनाई गई। टीम ने जांच शुरू कर आरोपियों के बारे में जानकारी जुटाई। इसके बाद पुलिस ने मल्लू उर्फ मजहर और सागर कुशवाह को गिरफ्तार किया। पूछताछ के बाद उनके पास से चोरी किए गए 10 ट्रैक्टर स्टार्टर बरामद किए गए।

चोरी के मामलों में पहले भी जेल जा चुके

पुलिस के मुताबिक, दोनों आरोपियों के खिलाफ पहले से कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। वे चोरी के मामलों में जेल भी जा चुके हैं। पुलिस अब आरोपियों से पूछताछ कर रही है। इसमें यह पता लगाया जा रहा है कि उन्होंने और कितनी वारदातों को अंजाम दिया है और चोरी किए गए ट्रैक्टर पार्ट्स कहां बेचे जाते थे। पुलिस गिरोह से जुड़े अन्य लोगों और चोरी की दूसरी घटनाओं की भी जांच कर रही है।

संभागीय प्रतियोगिता में अभिनव शुक्ला ने जीते तीन स्वर्ण पदक

राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए ओलंपस के 4 छात्र चयनित अंडर-17 वर्ग में तोशी को 100 मीटर बैकस्ट्रोक में स्वर्ण पदक

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

भोपाल में स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में आयोजित इंटरस्कूल संभागीय स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता में ओलंपस हाई स्कूल, विदिशा के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया।

प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट खेल कौशल, अनुशासन और मेहनत का परिचय देते हुए स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक अपने नाम किए। उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर विद्यालय के चार विद्यार्थियों का चयन राज्य स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता के लिए हुआ है।

अंडर-17 बालिका वर्ग में तोशी ठाकुर ने 100 मीटर बैकस्ट्रोक में स्वर्ण पदक तथा 50 मीटर बैकस्ट्रोक में रजत पदक प्राप्त किया। इसी वर्ग में वेदांशी शर्मा ने 200 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक में रजत पदक, जबकि 100 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक और 100 मीटर फ्रीस्टाइल में कांस्य पदक हासिल किए। अंडर-17 बालक वर्ग में एकम सिंह अड़क ने 800 मीटर फ्रीस्टाइल में स्वर्ण पदक



अभिनव शुक्ला | तोशी ठाकुर | एकम सिंह | वेदांशी शर्मा

जीता। इसके साथ ही उन्होंने 50 मीटर और 200 मीटर फ्रीस्टाइल में रजत पदक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। अंडर-19 बालक वर्ग में अभिनव शुक्ला ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 50 मीटर, 100 मीटर और 200 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक में स्वर्ण पदक जीतकर प्रतियोगिता में अपना दबदबा कायम किया। प्रतियोगिता में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित किया गया। ओलंपस हाई स्कूल के तोशी ठाकुर, वेदांशी शर्मा, एकम सिंह अड़क एवं अभिनव शुक्ला ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर राज्य स्तर पर स्थान बनाया। विद्यालय प्रबंधन एवं प्राचार्य ने सभी खिलाड़ियों को उनकी उपलब्धि पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह सफलता खिलाड़ियों की नियमित मेहनत, अभ्यास और समर्पण का परिणाम है। विद्यालय परिवार ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भी विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की कामना की।

दो साल से अटकी खसरा नकल तत्काल मिली, बैंक ऋण का मामला भी सुलझा

विदिशा। कलेक्टर अंशुल गुप्ता की पहल से मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान किया गया। कुल 166 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें 90 से अधिक का मौके पर ही निराकरण कराया गया। बासौदा निवासी चंद्रेश विश्वकर्मा की बैंक ऋण संबंधी शिकायत पर कार्रवाई करते हुए हिंदूजा हाउसिंग फाइनेंस बैंक से संपर्क कर ऋण खाता बंद कराया गया तथा मकान की मूल रजिस्ट्री सहित आवश्यक दस्तावेज उनकी पत्नी विनीता विश्वकर्मा को दिलाए गए। वहीं सिरोंज तहसील के ग्राम पीराखार निवासी रमुआ (रम्मू) अहिरवार छह बीघा कृषि भूमि की खसरे की नकल के लिए दो वर्ष से परेशान थे। कलेक्टर के निर्देश पर भूमि रिकॉर्ड दुरुस्त कर उन्हें मौके पर ही खसरे की नकल उपलब्ध कराई गई।

बासौदा मंडी भाव

सोयाबीन
न्यूनतम भाव-2200
उच्चतम भाव-7500
सरसों
न्यूनतम भाव-5000
उच्चतम भाव-7550
चना
न्यूनतम भाव-3000
उच्चतम भाव-6280
मसूर
न्यूनतम भाव-4600
उच्चतम भाव-6350
शरबती
न्यूनतम भाव-3311
उच्चतम भाव-4500
गेंहू
न्यूनतम भाव-2250
उच्चतम भाव-3026
मालवा शक्ति
न्यूनतम भाव-2517
उच्चतम भाव-2517
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-2000
उच्चतम भाव-3250
बटरी
न्यूनतम भाव-3250
उच्चतम भाव-3250
मूंग
न्यूनतम भाव-1600
उच्चतम भाव-6680
धान
न्यूनतम भाव-2600
उच्चतम भाव-4100
मक्का
न्यूनतम भाव-1900
उच्चतम भाव-1900
तुअर
न्यूनतम भाव-6550
उच्चतम भाव-6550
धनिया
न्यूनतम भाव-14700
उच्चतम भाव-14700
उड़द
न्यूनतम भाव-4900
उच्चतम भाव-4900
मटर
न्यूनतम भाव-2860
उच्चतम भाव-2860


कृषि मण्डी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मण्डी में मंगलवार को अनेक किसान अपनी उपज नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मंडी में 3654 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

हार्वर्ड यूनिवर्सिटी में स्वामी रामकमलाचार्य ने दिया संबोधन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

नगर के वेदांत आश्रम के संस्थापक जगद्गुरु रामानंदाचार्य स्वामी डॉ. रामकमलाचार्य वेदांतीजी महाराज ने अमेरिका की विश्वविख्यात हार्वर्ड यूनिवर्सिटी के ऐतिहासिक सैंडर्स थिएटर मेमोरियल हॉल में भारतीय आध्यात्मिक ज्ञान परंपरा और राम चरितमानस की वैश्विक प्रासंगिकता पर संबोधन दिया। हार्वर्ड के इस मंच पर जगद्गुरु डॉ. वेदांती ने गोस्वामी तुलसीदास की चर्चा के साथ जगद्गुरु रामानंदाचार्य की परंपरा का भी उल्लेख किया और तुलसीदास की पंक्ति "रामानंद को चेला, राम को सनेही..." के माध्यम से भारतीय भक्ति परंपरा की उस विराट धारा को सामने रखा, जिसने सदियों से समाज को जोड़ने का कार्य किया है। ज्ञात हो कि जीवाजीपुर स्थित वेदांत आश्रम के संस्थापक और नगर में अपना बाल्यकाल का प्रारंभिक सन्यासी जीवन व्यतीत करने वाले और जगद्गुरु डॉ. रामकमलाचार्य वेदांती महाराज करीब 6 माह से विदेशों के अलग-अलग शहरों में जाकर इस यात्रा के माध्यम से भारतीय सनातन संस्कृति, धर्म-दर्शन और आध्यात्मिक परंपरा के प्रचार-प्रसार में जुटे हैं। विभिन्न देशों में रामचरितमानस, श्रीमद् भागवत महापुराण, महाभारत, शिव महापुराण सहित भारतीय धार्मिक ग्रंथों की कथाओं और उनके जीवनोपयोगी संदेशों के माध्यम से वे सनातन धर्म की मूल भावना को विश्व समाज तक पहुंचा रहे हैं। इसी



कड़ी में दुनिया के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों में जहां ज्ञान को शोध, तर्क और प्रयोग की कसौटी पर परखा जाता है, उसी हार्वर्ड यूनिवर्सिटी के मंच पर भारतीय आध्यात्मिक परंपरा की महत्वपूर्ण कड़ी बनकर जगद्गुरु रामानंदाचार्य स्वामी डॉ. रामकमलाचार्य वेदान्ती महाराज ने बोस्टन के सैंडर्स थिएटर मेमोरियल हॉल में आयोजित धर्म सभा में गोस्वामी तुलसीदास और रामचरितमानस को केवल धार्मिक आस्था के विषय के रूप में नहीं, बल्कि मानव जीवन, विश्वशांति और विश्वबंधुत्व के सार्वभौमिक दर्शन के रूप में प्रस्तुत किया। स्वामी वेदान्ती महाराज ने कहा कि आधुनिक विश्व आज शांति की तलाश में है। विज्ञान ने मनुष्य को बहुत कुछ दिया, लेकिन मनुष्य के भीतर की अशांति का समाधान अभी भी उसकी सबसे बड़ी आवश्यकता है। ऐसे समय में लगभग पांच सौ वर्ष पहले गोस्वामी तुलसीदास द्वारा रचा गया राम चरितमानस आज भी विश्वबंधुत्व, करुणा, मर्यादा, प्रेम और समरसता का संदेश देता है। कार्यक्रम के साथ-साथ विश्व विख्यात राम कथा वाचक मोरारी बापू के द्वारा श्री राम कथा का भी गायन किया जा रहा है।

सुभद्रा शर्मा कन्या महाविद्यालय में छात्रवृत्ति योजना का शिविर संपन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

सुभद्रा शर्मा शासकीय कन्या महाविद्यालय में अजीम प्रेमजी फाउंडेशन छात्रवृति योजना के अंतर्गत विशेष शिविर अभियान आयोजित किया गया। कार्यक्रम में खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ राकेश सिंह जादौन , नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव, जनपद अध्यक्ष नीतू देवेन्द्र रघुवंशी द्वारा कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं का छात्रवृत्ति में पंजीयन किया गया तथा उन्हें इस योजना की सम्पूर्ण जानकारी प्रदान की गई। वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के उद्बोधन का ऑनलाइन प्रसारण किया गया। इस संबंध में महाविद्यालय में हेल्पडेस्क गठित की गई। जिसमे छात्राओं के त्रुटिपूर्ण फॉर्म में संशोधन किया गया तथा नवीन पंजीकरण कराये गए। इस अवसर पर महाविद्यालयीन स्टॉफ एवं छात्राएं उपस्थिति रहीं।

नगर के प्रमुख मुख्य मार्गों, चौक-चौराहों पर उमड़ रही भीड़

रक्षाबंधन को लेकर बाजारों में लौटी रौनक, बहिनें कर रहीं खरीददारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

रक्षा बंधन के त्यौहार के चलते इन दिनों बाजार में रौनक लौट आई हैं। नगर सहित ग्रामीण अंचलों से बड़ी संख्या में बहिनें खरीददारी करने बाजार में आ रही हैं। भाई-बहिन के अटूट प्रेम के प्रतीक रक्षाबंधन त्योहार को लेकर नगर में बाजारों की रौनक देखते ही बन रही है। त्योहार में अब कुछ ही दिन शेष हैं, जिसके चलते बहनें अपने भाइयों के लिए राखी और उपहारों की खरीदारी के लिए बड़ी संख्या में बाजार में निकल पड़ी हैं।





नगर के मुख्य बाजार, जय स्तंभ चौक, बरेठ रोड, सदर बाजार, स्टेशन रोड, नेहरू चौक सहित नगर के मुख्य मार्गों पर राखी की बड़ी संख्या में अस्थायी दुकानें सज गई हैं। दुकानों पर देशी-विदेशी राखियों की भरमार है। 10 रुपये से लेकर 500 रुपये तक की फैंसी राखियां, चांदी की राखियां, रेशम की राखियां, बच्चों के लिए कार्टून कैरेक्टर वाली राखियां, ब्रेसलेट और लुंबा राखियां महिलाओं को खूब आकर्षित कर रही हैं। इसके अलावा मिठाई की दुकानों पर भी भीड़ है, जहां बहनें अपने भाइयों के लिए पसंदीदा मिठाइयां खरीद रही हैं। कपड़ा और गिफ्ट शॉप, इलेक्ट्रॉनिक एवं मोबाइल शॉप पर भी त्योहारी भीड़ देखी जा रही है। कई बहिनें अपने भाई के लिए शर्ट, कुर्ता-पायजामा और अन्य उपहार भी खरीद रही हैं। वहीं भाई भी अपनी बहनों के लिए साड़ी, सूट और ज्वेलरी की खरीदारी कर रहे हैं। दुकानदारों का कहना है कि इस बार बाजार में पिछले साल की तुलना में अच्छी ग्राहकी है। दोपहर से लेकर देर रात तक बाजारों में चहल-पहल बनी हुई है। महंगाई के बावजूद त्योहार का उत्साह कम नहीं हुआ है। वहीं कुछ दुकानदारों ने सडक पर ही अस्थाई दुकानें लगा रखी हैं। जिसको देखते हुए नपा और पुलिस प्रशासन ने भी तैयारी कर ली है। बाजारों में भीड़ को नियंत्रित करने और जाम से बचने के लिए पुलिस बल तैनात किया गया है, ताकि खरीदारी करने आए लोगों को किसी तरह की परेशानी न हो।

सात सटोरियों से 2 लाख 11 हजार जब्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

देहात थाना पुलिस ने सट्टे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 7 सटोरियों को गिरफ्तार कर 2 लाख 11 हजार रुपए का मशरूका जब्त किया है। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एसडीओपी शिखा भलावी के मार्गदर्शन में जिले में अवैध मादक पदार्थ, जुआ एवं सट्टे के विरुद्ध विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में देहात थाना पुलिस द्वारा सट्टा विरोधी अभियान के तहत प्रभावी कार्रवाई करते हुए अलग-अलग स्थानों से 7 सटोरियों को गिरफ्तार कर दो प्रकरण पंजीबद्ध किए गए। इस संबंध में देहात थाना पुलिस द्वारा धारा 4(क) सट्टा अधिनियम एवं 112(1) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किए गए। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। पुलिस कार्रवाई के दौरान आरोपियों के कब्जे से 21,000 रुपए नगद, एक मोटरसाइकिल कीमती लगभग 80,000, 6 एंड्रॉयड मोबाइल कीमत लगभग 1,10,000 रुपए तथा सट्टा पर्ची एवं लीड पेन सहित कुल 2,11,000 रुपए का मशरूका जब्त किया गया। पकड़े गए आरोपियों में लखपत कुशवाह उम्र 35 वर्ष, निवासी ग्राम गूदनखेड़ी, सोनू शर्मा उम्र 23 वर्ष निवासी ग्राम ऊहर, अरविन्द बघेल उम्र 39 वर्ष निवासी ग्राम ऊहर, मानसिंह लोधी उम्र 38 वर्ष निवासी ग्राम अमोदा, राजू कुशवाह उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम अमोदा, दीपक सैनी उम्र 57 वर्ष निवासी चूड़ी मोहल्ला, खिलान सिंह उम्र 40 वर्ष निवासी रजौदा शामिल हैं। कार्रवाई में देहात थाना प्रभारी जय कुमार सिंह, रवि राव, राकेश जाटव, प्रकाश अम्लियार, राहुल झा, ध्रुव, राम निवास मीना की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

खबर संक्षेप

काव्य गोष्ठी का आयोजन हुआ

गंजबासौदा। नगर के बाबूलाल चाचा साहित्यकार भवन में रविवार को नगर के साहित्यकारों द्वारा काव्य गोष्ठी का आयोजन हुआ। गोष्ठी को संबोधित करते हुए वरिष्ठ साहित्यकार ऋषभ जैन बिंदास ने कहा कि चखरी भोंरा, गिल्ली, डंडा भूल गए बस एक मोबाइल याद रहा। गजलकार कमलेश बंसल ने अपनी मधुर आवाज में दिलकश अंदाज के साथ कहा कलम भी बेंच दी जिनने, उनकी बात क्या करना। चन्द्र कुमार तारण संपादक सृजन परिदृश्य ने त्योहार एवं बाजार के माहौल पर कहा की मड़िया में से निकल भवानी गांव गली में घूम भवानी। सभागार में उपस्थित साहित्यकारों ने भी गीत भजन व्यंग्य गजल का गायन किया।

किन्नरों का विवाद पहुंचा थाने चौराहे पर देर तक मचा हंगामा

गंजबासौदा। नगर में किन्नर गुरू मुन्ना नायक के चेलों के दो गुटों के बीच चल रहा विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। पिछले दिनों दोनों गुटों के बीच मुख्य बाजार में मारपीट के बाद मामला थाने तक पहुंच गया था। जहां दोनों पक्षों ने अपने अपने शिकायती आवेदन प्रस्तुत किए थे। पुलिस इस मामले में जांच एवं कार्रवाई कर ही रही थी कि मंगलवार को एक बार फिर विवाद गरमा गया। इस विवाद के बाद किन्नर गुरू मुन्ना नायक अपने दर्जनों साथियों के साथ पुलिस थाने जा पहुंचीं और अपने खिलाफ की गई शिकायत पर सफाई प्रस्तुत कर अपना पक्ष रखा। वहीं दूसरे पक्ष के किन्नरों ने भी पहले थाने में अपना पक्ष रखा और बाद में न्याय दिलाने की मांग को लेकर जयस्तंभ चौक पर पहुंचकर काफी देर तक हंगामा किया। बताया जाता है कि इन दौरान एक किन्नर ने संदिग्ध रूप से जहरीला पदार्थ भी खा लिया था। जिसे अस्पताल में भर्ती कराया है।



रक्त सेवा में उत्कृष्ट योगदान पर किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

मानव सेवा और रक्तदान जागरूकता के क्षेत्र में उल्लेखनीय सहयोग के लिए रक्त सेवा समिति ने मंगलवार को शासकीय हाईस्कूल गाँधी चौक की प्राचार्य लक्ष्मी देवी प्रजापति को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। समिति के संस्थापक वरिष्ठ नेता राजेश तिवारी ने बताया कि विद्यालय परिसर में रक्तदान शिविरों के सफल आयोजन, छात्र-छात्राओं को रक्तदान के प्रति प्रेरित करने और समिति के कार्यों में निरंतर सहयोग के लिए प्राचार्य का सम्मान किया गया है। सम्मान समारोह के दौरान मुस्लिम राष्ट्रीय मंच गौ सेवा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय सह संयोजक सैयद शफाकत हुसैन कादरी ने कहा कि रक्तदान महादान है और इसे जन-



जन तक पहुंचाने में शिक्षकों की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। समिति सचिव अनिल दुबे ने इस सम्मान के लिए रक्त सेवा समिति की ओर से आशा व्यक्त की कि विद्यालय इस तरह के सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेता रहेगा। इस मौके पर वसुंधरा शर्मा, अनुपमा जैन ,साधना दास, राधा पंथी, अनवरी बानो, कांता अहिरवार, पूनम भाटिया सहित विद्यालयीन स्टॉफ, समिति सदस्य मौजूद थे।

जिला स्तरीय कराटे प्रतियोगिता के लिए टीम चयनित

गंजबासौदा। नगर के एक निजी स्कूल में 25 अगस्त को ब्लॉक स्तरीय कराटे प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बासौदा ब्लॉक के विभिन्न शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के खिलाड़ियों ने 14, 17 एवं 19 वर्ष आयु वर्ग के बालक-बालिका वर्ग में उत्साहपूर्वक सहभागिता की। प्रतियोगिता का शुभारंभ बासौदा ब्लॉक खेल प्रभारी स्वतंत्र कुमार जैन ने किया। इस अवसर पर खिलाड़ियों ने अपने उत्कृष्ट खेल कौशल, अनुशासन एवं खेल भावना का शानदार प्रदर्शन किया। विभिन्न आयु वर्गों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का चयन जिला स्तरीय कराटे प्रतियोगिता के लिए किया गया। प्रतियोगिता के सफल आयोजन एवं खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन का श्रेय बासौदा ब्लॉक खेल प्रभारी स्वतंत्र कुमार जैन के मार्गदर्शन एवं विद्यालय के खेल विभाग के निरंतर प्रयासों को दिया गया। प्रतियोगिता में उपस्थित शिक्षक राजेन्द्र सिंह तोमर, कुलदीप राजपूत उपस्थित रहे। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर आरके रघुवंशी, कराटे संघ के सचिव कृष्ण गोपाल जोगी, खेल शिक्षिका इशिका मैना, विद्यालय स्टाफ तथा खिलाड़ियों के परिजनों ने चयनित खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी हैं।

सफेद पाउडर के खिलाफ अब होगा निर्णायक शंखनाद

नशे के विरुद्ध एकजुट हुए नगरवासी



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

नशे की जद में समा चुके तीन युवाओं की गत दिवस हुई दुखद मौत ने शहर को भीतर तक झकझोर दिया है। सफेद पाउडर के रूप में गलियों में फैलते नशे के जहर ने अब यह साफ कर दिया है कि खतरा किसी एक घर की चौखट तक सीमित नहीं, बल्कि शहर की अगली पीढ़ी के दरवाजे तक पहुंच चुका है। अपनों को खोने का दर्द अब शहर की चुप्पी तोड़ रहा है जिसका संकेत मंगलवार को एक मंच पर उस समय सामूहिक एक रूप से दिखाई दिया जिसमें नशे के खिलाफ इस लड़ाई में संत, समाज, व्यापारी और नागरिक नशे के खिलाफ सामूहिक संकल्प के साथ मैदान उतारने के लिए पूरी तैयारी के साथ खड़े हुए दिखाई दिए। इसी सामूहिक तैयारी के संकल्प के साथ 1 सितंबर को शहर की सड़कों पर नशा मुक्ति को लेकर व्यापक तैयारियां की रणनीति का शंखनाद किया गया। लगातार सामने आ रही दुखद घटनाओं ने आखिरकार समाज को झकझोर दिया है। सफेद पाउडर जैसे घातक नशे की गिरफ्त में फंस रही युवा पीढ़ी को बचाने के संकल्प को लेकर बरेठ रोड दादजी प्लाजा में नशा मुक्ति जागरूकता अभियान को लेकर आयोजित हुई। बैठक में नगर के नागरिक, व्यापारी, सामाजिक और धार्मिक संगठन एक मंच पर आ गए हैं। बैठक को संतों का सानिध्य भी मिला। गंज हनुमान मंदिर के महंत महेश्वर दास त्यागी, वेदांत आश्रम के महंत हरिहर दास महाराज, जैन समाज के ब्रह्मचारी मधुर भैया की उपस्थिति ने अभियान को सामाजिक और आध्यात्मिक आधार दिया। रैली की तैयारियों और आयोजन को लेकर संतों के सानिध्य में नशे के खिलाफ जनजागरण को व्यापक रूप देने पर चर्चा की गई। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि नशा अब किसी एक परिवार की समस्या नहीं रह गया है। नागरिकों का कहना था कि जब तक समाज नशे के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद नहीं करेगा, तब तक केवल प्रशासन के भरोसे इस समस्या का समाधान संभव नहीं है। इन तीनों मोर्चों पर एक साथ काम करने की जरूरत है। बैठक में निर्णय लिया गया कि 1 सितंबर को शाम 4 बजे रेलवे स्टेशन से सिरोंज चौराहे बाराही पैलेस तक नगर में नशा मुक्ति जागरूकता रैली निकाली जाएगी। रैली के माध्यम से शहरवासियों को नशे से दूर रहने, युवाओं को नशे की गिरफ्त में जाने से रोकने और नशे के खिलाफ सामाजिक वातावरण तैयार करने का संदेश दिया जाएगा। रैली में विभिन्न सामाजिक, धार्मिक और व्यापारिक संगठनों के साथ बड़ी संख्या में नागरिकों और युवाओं की सहभागिता की अपील की गई है।

नगर में पहुंचेगी यूरिया की रैक

गंजबासौदा। जिला प्रशासन द्वारा किसानों को यूरिया की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए उर्वरक आपूर्ति का सिलसिला जारी है। इसी क्रम में इफको द्वारा आयातित यूरिया की एक रैक मुंद्रा बंदरगाह से गंजबासौदा रैक प्वाइंट के लिए रवाना की गई है। उक्त यूरिया रैक का एफएनआर नंबर 26082411282 है तथा इसमें कुल 3168.540 मीट्रिक टन यूरिया है। यह रैक मुंद्रा बंदरगाह से गंजबासौदा रैक प्वाइंट तक पहुंच रही है और इसके 26 अगस्त तक पहुंचने की उम्मीद है। यूरिया की इस बड़ी खेप के पहुंचने से क्षेत्र के किसानों को आगामी फसल सीजन में उर्वरक की उपलब्धता सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी। संबंधित विभाग द्वारा रैक के पहुंचने के बाद निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार यूरिया का भंडारण एवं वितरण किया जाएगा, ताकि किसानों को समय पर आवश्यकता के अनुसार उर्वरक उपलब्ध कराया जा सके। जिले में कृषि गतिविधियों को देखते हुए उर्वरकों की उपलब्धता पर लगातार निगरानी रखी जा रही है।

उपजेल में रक्षाबंधन पर्व उत्साह के साथ मनाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा



प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय सेवा केंद्र द्वारा उप जेल में पवित्र रक्षाबंधन पर्व बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश शेख सलीम विधिक साक्षरता के तहत ब्रह्माकुमारी के कार्यक्रम में शामिल हुए एवं ब्रह्माकुमारीज के निस्वार्थ सेवाओं की सराहना की। अंत में बहनों से आत्मिक स्नेह से राखी रक्षासूत्र भी बंधवाया। ब्रह्माकुमारी रेखा दीदी ने अपने विचार रखते हुए कहा कि रक्षा बन्धन कोई रस्सी के कच्चे धागों से बन्धने वाला बन्धन नहीं है। यह धागा जीवन की मान-मर्यादा व बहन-भाई के निःस्वार्थ प्यार का प्रतीक है। बहन की सुरक्षा के लिए प्राणों का बलिदान करना पड़े तो भी पीछे नहीं हटने का यह प्रण है। परन्तु आम तौर पर सभी लोग इस त्योहार को लौकिकता व स्थूल बन्धन के रूप में मनाते हैं। इस राखी में कुछ आध्यात्मिक रहस्य छुपे हुए हैं। इसी दिन हर एक बहन अपने भाई के ललाट पर तिलक लगाती है। यह आध्यात्मिकता में आत्म-स्मृति का तिलक है। क्योंकि आत्मा के रहने का स्थान भी तो भृकुटी के बीच में है। आत्मा तो अजर-अमर-अविनाशी है। इसका आध्यात्मिक रहस्य है तुम्हारे मुख से सदैव मीठे बोल निकले और तुम सदैव दूसरों को मीठे बोल की मिठाई बाँटते रहो। बहन भाई की कलाई पर राखी बांधती है। इसका आध्यात्मिक रहस्य है अपनी आत्मा के अन्दर विकारवश जो भी बुराइयाँ हैं उन्हें परमात्मा की याद व शक्तियों द्वारा भस्म करो अर्थात उसको राख कर, पवित्र रहने का और दूसरों को पवित्र बनाने का सन्देश देने की प्रतिज्ञा करो। दीदीयों ने सभी बंदियों को बुराइयां छोड़ने व अपराध न करने की प्रतिज्ञा कराई। रुकमणी दीदी ने रक्षा बन्धन के मूल आध्यात्मिक रहस्यों को समझाते हुए कहा कि विश्व रक्षक, पतित पावन ज्ञानसागर व कल्याणकारी परमपिता परमात्मा शिव द्वारा दिये हुए ज्ञान रत्नों को जीवन में धारण कर अहिंसक वृत्ति को अपनायें। उप जेल अधीक्षक आलोक भार्गव ने ब्रह्माकुमारी का आभार व्यक्त करते हुए बंदियों से सही मार्ग पर चलने की अपील की।

सिरोंज विधायक उमाकांत शर्मा सड़क हादसे में घायल, भोपाल के अस्पताल में भर्ती

बाइक सवार को बचाने के प्रयास में गड्ढे में गिरी विधायक शर्मा की कार

समर्थकों से बोले चिंता न करें, मैं सुरक्षित हूं...

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज




सिरोंज से भोपाल जाते समय मंगलवार दोपहर सिरोंज विधायक उमाकांत शर्मा सड़क हादसे में घायल हो गए। यह दुर्घटना बैरसिया के आगे निपानिया जाट, थाना ईंटखेड़ी क्षेत्र में हुई। मिली जानकारी अनुसार अचानक सामने आए मोटरसाइकिल सवार को बचाने के प्रयास में विधायक की निजी कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे स्थित गड्ढे में जा गिरी। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। विधायक और उनके साथ मौजूद सहयोगियों को उपचार के लिए भोपाल ले जाया गया। हादसे में विधायक उमाकांत शर्मा के सिर में चोट आई है। भोपाल पहुंचने के बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उनके सिर में टांके लगाए। उनके पैर में भी मामूली चोट आई है। वाहन में उनके साथ मौजूद स्टाफ और सहयोगियों को भी हल्की चोटें आई हैं। चिकित्सकों की निगरानी में सभी का उपचार किया जा रहा है। विधायक की स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है।

अचानक सामने आया बाइक सवार, बचाने के प्रयास में हुआ हादसा



जानकारी के अनुसार विधायक उमाकांत शर्मा अपनी निजी कार से मंगलवार दोपहर भोपाल के लिए रवाना हुए थे। वे बैरसिया क्षेत्र को पार कर निपानिया जाट के आसपास पहुंचे ही थे कि इसी दौरान एक मोटरसाइकिल चालक अचानक उनकी कार के सामने आ गया। बाइक सवार को बचाने के प्रयास में चालक ने कार को नियंत्रित करने की कोशिश की, लेकिन कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में जा गिरी।अचानक हुए हादसे में कार में सवार विधायक और उनके सहयोगियों को चोटें आईं। हादसे की जानकारी मिलते ही संबंधित लोगों ने उनकी मदद की और उन्हें भोपाल ले जाया गया। अस्पताल में चिकित्सकों ने तत्काल उपचार शुरू किया।



भोपाल के स्मार्ट सिटी अस्पताल में कराया उपचार

हादसे के बाद विधायक उमाकांत शर्मा को भोपाल के स्मार्ट सिटी अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां चिकित्सकों ने उनकी आवश्यक जांच की। सिर में चोट होने के कारण उनके सिर पर टांके लगाए गए। पैर में आई चोट को भी चिकित्सकों ने देखा। विधायक के साथ मौजूद सहयोगियों का भी उपचार कराया गया। परिजनों के अनुसार विधायक की हालत स्थिर है और चिकित्सकों की निगरानी में उनका उपचार चल रहा है। गंभीर स्थिति नहीं होने के बावजूद स्वास्थ्य लाभ के लिए उन्हें अस्पताल में भर्ती रखा गया है।

विधायक ने फेसबुक पोस्ट के जरिए दी हादसे की जानकारी

हादसे की खबर सामने आने के बाद क्षेत्र में उनके समर्थकों और शुभचिंतकों की चिंता बढ़ गई। इसके बाद विधायक उमाकांत शर्मा ने स्वयं अपने फेसबुक अकाउंट के माध्यम से हादसे की जानकारी साझा कर लोगों को स्थिति से अवगत कराया। विधायक श्री शर्मा ने बताया कि वे अपनी निजी गाड़ी से भोपाल आ रहे थे। बैरसिया के आगे निपानिया जाट, थाना ईंटखेड़ी के आसपास अचानक मोटरसाइकिल चालक सामने आने के कारण उसे बचाने के प्रयास में उनकी गाड़ी का एक्सीडेंट हो गया। उन्होंने कहा कि भगवान और मां भगवती की कृपा से वे और उनके सहयात्री कुछ चोटों के साथ सुरक्षित हैं। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि उन्होंने भोपाल पहुंचकर अस्पताल में जांच करा ली है और स्वास्थ्य लाभ की दृष्टि से अस्पताल में भर्ती हैं। उन्होंने अपनी और अपने सहयोगियों की जीवन रक्षा के लिए ईश्वर की कृपा तथा लोगों की शुभकामनाओं और आशीर्वाद के प्रति आभार व्यक्त किया। वही विधायक उमाकांत शर्मा ने क्षेत्रवासियों और समर्थकों से अपील की कि वे उनकी स्थिति को लेकर अनावश्यक रूप से परेशान न हों। उन्होंने कहा कि वे चिकित्सकों की देखरेख में हैं और फिलहाल स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं। उन्होंने लोगों से अस्पताल में उनसे मिलने के लिए नहीं आने का भी आग्रह किया। विधायक ने कहा कि फिलहाल उनका मोबाइल बंद रहेगा, इसलिए किसी को भी चिंता करने की आवश्यकता नहीं है।

वाहन चालकों से सावधानी बरतने की अपील

सड़क हादसे के बाद विधायक उमाकांत शर्मा ने सभी वाहन चालकों से विशेष सावधानी बरतने की अपील की। उन्होंने कहा कि वाहन चलाते समय गति धीमी रखनी चाहिए और सड़क पर अचानक आने वाले वाहनों एवं लोगों को देखते हुए पूरी सावधानी बरतनी चाहिए। थोड़ी सी असावधानी भी बड़े हादसे का कारण बन सकती है। उनकी इस अपील को सड़क सुरक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि हादसा भी अचानक सामने आए बाइक सवार को बचाने के प्रयास में हुआ। वही विधायक उमाकांत शर्मा के सड़क हादसे की खबर जैसे ही सिरोंज पहुंची, उनके समर्थकों और क्षेत्रवासियों में चिंता का माहौल बन गया। सोशल मीडिया और फोन के माध्यम से लोग विधायक का हालचाल जानने लगे। बड़ी संख्या में लोगों ने उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। वहीं फेसबुक संदेश में विधायक उमाकांत शर्मा ने हादसे के बाद ईश्वर के प्रति आस्था व्यक्त करते हुए श्री महामाई माता, भगवान बाबा विश्वनाथ, श्री मदनमोहन सरकार, श्री गणेश जी महाराज, श्री शीतला माता सहित सभी देवी-देवताओं एवं पूर्वजों का स्मरण किया। उन्होंने कहा कि सभी की कृपा और लोगों के आशीर्वाद से वे और उनके सहयोगी सुरक्षित हैं। उन्होंने अंत में सभी लोगों के स्वस्थ और प्रसन्न रहने की कामना की। फिलहाल विधायक उमाकांत शर्मा भोपाल के अस्पताल में चिकित्सकों की निगरानी में हैं और स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं।

मौके पर मिली खसरे की नकल

जनसुनवाई में वर्षों पुरानी समस्या का त्वरित समाधान



सिरोंज। तहसील सिरोंज की ग्राम पंचायत रुसल्ली के ग्राम पीराखार निवासी रमुआ (रम्मू) अहिरवार की करीब दो वर्षों से लंबित समस्या का जिला मुख्यालय पर आयोजित जनसुनवाई में त्वरित समाधान हुआ। अपनी 6 बीघा कृषि भूमि की खसरे की नकल प्राप्त करने के लिए लंबे समय से परेशान रमुआ अहिरवार ने जनसुनवाई में कलेक्टर अंशुल गुप्ता के समक्ष अपनी समस्या रखी। कलेक्टर ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। कलेक्टर के निर्देश पर अधिकारियों ने भूमि रिकॉर्ड की जांच कर आवश्यक दुरुस्तीकरण की कार्रवाई की तथा कृषि भूमि को भू-अभिलेख रिकॉर्ड में दर्ज कराया। रिकॉर्ड दुरुस्तीकरण की प्रक्रिया पूरी होने के बाद आवेदक रमुआ अहिरवार को जनसुनवाई के दौरान ही उनकी कृषि भूमि की खसरे की नकल उपलब्ध करा दी गई। अपर कलेक्टर श्रीमती मीना मसराम ने आवेदक को खसरे की नकल सौंपते हुए उन्हें राहत प्रदान की। करीब दो वर्षों से अपनी भूमि के रिकॉर्ड संबंधी समस्या के निराकरण के लिए परेशान रमुआ अहिरवार को जब मौके पर ही खसरे की नकल प्राप्त हुई तो उन्होंने खुशी जताई। उन्होंने जिला प्रशासन एवं संबंधित अधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनसुनवाई के माध्यम से उनकी वर्षों पुरानी समस्या का त्वरित निराकरण संभव हुआ है। इस कार्रवाई से यह संदेश भी सामने आया कि जनसुनवाई में प्राप्त होने वाली आम नागरिकों की समस्याओं पर प्रशासन द्वारा त्वरित कार्रवाई कर उन्हें राहत पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है।

आदर्श ताइक्वांडो क्लब सिरोंज के खिलाड़ियों ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जीते 9 पदक

सिरोंज। मध्य प्रदेश ताइक्वांडो संघ भोपाल के तत्वावधान में जिला ताइक्वांडो संघ सागर द्वारा 8वीं कैडेट एवं 38वीं जूनियर-सिनियर मध्यप्रदेश राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता-2026 का आयोजन 21 से 23 अगस्त 2026 तक सरोज सागर मैरिज गार्डन सागर में किया गया। प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश के करीब 25 से 30 जिलों की ताइक्वांडो टीमों ने हिस्सा लिया। कैडेट, जूनियर एवं सीनियर वर्ग के खिलाड़ियों ने विभिन्न वजन एवं स्पर्धाओं में अपने हुनर का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में आदर्श ताइक्वांडो क्लब सिरोंज के 14 खिलाड़ियों ने विदिशा जिले की टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए शानदार प्रदर्शन किया। खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा और कड़ी मेहनत के दम पर 4 स्वर्ण,1 रजत एवं 4 कांस्य सहित कुल 9 पदक हासिल कर सिरोंज का नाम प्रदेश स्तर पर



गौरवान्वित किया। वही स्वर्ण पदक जीतने वाले खिलाड़ियों में कैडेट बालक वर्ग में समर्थ दिनकर, पिता राजेन्द्र सिंह दिनकर ने अंडर-33 किलोग्राम वजन वर्ग में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। वहीं दिव्यांश पाल, पिता सुनील पाल ने अंडर-37 किलोग्राम वजन वर्ग में स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इसी प्रकार कैडेट बालिका वर्ग में हिमांशी प्रजापति ने अंडर-51 किलोग्राम वजन वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता।

खोंदूपुर सरपंच ने पूर्व पंचायत सचिव पर लगाए गंभीर आरोप, जांच की मांग

झूठी शिकायतें करने, धमकी देने एवं निर्माण कार्यों में अनियमितता के आरोपों को लेकर जनसुनवाई में सौंपा आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज



ग्राम पंचायत खोंदूपुर की सरपंच भग्गो बाई ने मंगलवार को जनसुनवाई में पहुंचकर अनुविभागीय अधिकारी के नाम आवेदन सौंपा। आवेदन में ग्राम महुआखेड़ा बिल्लोची निवासी एवं पूर्व पंचायत सचिव अहमद मियां पर झूठी शिकायतें करने, धमकी देने तथा उनके कार्यकाल में पंचायत क्षेत्र में कराए गए निर्माण कार्यों की गुणवत्ता एवं कथित भ्रष्टाचार की जांच कराने की मांग की गई है। सरपंच ने आवेदन में आरोप लगाया कि लगातार ग्राम पंचायत खोंदूपुर के संबंध में झूठी शिकायतें की जा रही हैं। साथ ही उनके परिवारजनों को पैर काटने तथा झूठे मामलों में फंसाने जैसी धमकियां दी जा रही हैं। सरपंच ने कहा कि इन धमकियों के कारण वह और उनका परिवार मानसिक रूप से परेशान हैं।

शासकीय गौशाला की भूमि पर कब्जे का आरोप : सरपंच ने आवेदन में बताया कि पूर्व पंचायत सचिव के कार्यकाल में ग्राम महुआखेड़ा बिल्लोची स्थित खसरा नंबर 87 में शासकीय भूमि पर गौशाला का निर्माण कराया गया था। उक्त भूमि का रकबा लगभग 12 बीघा बताया गया है। सरपंच ने आरोप लगाया कि इस शासकीय भूमि के एक हिस्से पर अवैध कब्जा कर कृषि कार्य किया जा रहा है। वर्ष 2025-26 में गौशाला संचालन के लिए ग्राम पंचायत खोंदूपुर द्वारा नियमानुसार चयनित समिति को गौशाला सौंपी गई थी और वर्तमान में समिति द्वारा गौशाला का संचालन किया जा रहा है। वही उन्होने कहा कि कलेक्टर विदिशा के आदेश के बाद वर्ष 2025 में अनुविभागीय अधिकारी एवं तहसीलदार द्वारा उक्त शासकीय भूमि का सीमांकन कराया गया था।

निर्माण कार्यों की जांच की मांग

सरपंच ने यह भी आरोप लगाया कि अपने कब्जे वाली भूमि को वापस लेने के उद्देश्य से उनके यहां मजदूरी करने वाले अनुसूचित जनजाति वर्ग के लोगों का स्वसहायता समूह बनवाकर गौशाला संचालन अपने पक्ष में कराने की मांग करवा रहे हैं। उन्होने कहा कि अहमद मियां के पंचायत सचिव के कार्यकाल के दौरान ग्राम पंचायत में कराए गए सभी निर्माण कार्यों की जांच कराने की मांग की है। उन्होंने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, सामग्री के उपयोग, स्वीकृत राशि एवं कार्यों में हुई संभावित वित्तीय अनियमितताओं की निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई किए जाने की मांग की। ग्राम पंचायत सरपंच भग्गो बाई ने आवेदन में कहा कि वह वृद्ध महिला हैं और लगातार मिल रही धमकियों के कारण मानसिक रूप से परेशान हैं। उन्होंने आशंका जताई कि भविष्य में उनके अथवा उनके परिवार के किसी सदस्य के साथ कोई अप्रिय घटना होती है तो इसके लिए जिम्मेदारी तय की जाए।

नव-निर्वाचित छात्र-नेताओं को बैज एवं सैश प्रदान कर दिलाई जिम्मेदारी की शपथ



हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

विदिशा इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में सोमवार को भव्य एवं गरिमामय इन्वेस्टिचर समारोह आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगरपालिका अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा एवं विशिष्ट अतिथि पूर्व नपा अध्यक्ष ज्योति शाह उपस्थित रहीं। विद्यालय संचालिका शालिनी सिंह एवं प्रधानाचार्य माधवी द्विवेदी ने अतिथियों का स्वागत किया। समारोह में नव-निर्वाचित छात्र-नेताओं को बैज एवं सैश प्रदान किए गए। इसके साथ ही उन्हें विद्यालय के प्रति ईमानदारी, अनुशासन, जिम्मेदारी और नेतृत्व की भावना के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने की शपथ दिलाई गई। अतिथियों ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें नेतृत्व क्षमता विकसित करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान आयोजित वाद-विवाद प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थियों को अतिथियों द्वारा पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। वहीं कबड्डी में जिला स्तर तक उपलब्धि हासिल करने वाले विद्यार्थियों की मेहनत, प्रतिभा और खेल भावना की भी सराहना की गई।

पांच गांवों में निकली कलश यात्रा, सामाजिक समरसता का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज, विदिशा। संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज की 650वीं जयंती के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे समरसता संकल्प अभियान के तहत मंगलवार को लटेरी तहसील के पांच गांवों छिरारी, टोंकरा, बरखेड़ा धोसी, धरगा और रूसिया में कलश यात्राएं निकाली गईं। कलश यात्रा के दौरान संत रविदास महाराज के समानता, भाईचारे और सामाजिक समरसता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया। धार्मिक वातावरण में ग्रामीणों ने उनके आदर्शों को जीवन में अपनाने का आह्वान किया। अभियान का उद्देश्य समाज में आपसी प्रेम, एकता और सद्भाव को मजबूत करना है। दिनभर विभिन्न गांवों में कार्यक्रमों के बाद रात्रि विश्राम रूसिया में हुआ, जहां ग्रामीणों ने अभियान से जुड़े सहभागियों का स्वागत किया। इस दौरान सामाजिक एकता का संदेश देते हुए संत रविदास महाराज के विचारों पर चलने का संकल्प दोहराया गया। रूट चार्ट के अनुसार बुधवार 26 अगस्त को कलश यात्रा लटेरी विकासखंड के बलरामपुर, मुरवास, मूडरा सागर और मदागन पहुंचेगी। इसके बाद रात्रि विश्राम लटेरी में होगा।

साई कॉलेज के छात्रों को एम्स भोपाल में प्रशिक्षण का अवसर

प्रतिष्ठित चिकित्सा संस्थान में आधुनिक चिकित्सा तकनीकों और उन्नत उपचार पद्धतियों का मिलेगा व्यावहारिक अनुभव

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

साई कॉलेज ऑफ नर्सिंग एंड पैरामेडिकल साइंस, विदिशा के विद्यार्थियों के लिए यह गौरवपूर्ण उपलब्धि है। कॉलेज के विद्यार्थियों को देश के प्रतिष्ठित चिकित्सा संस्थानों में शामिल अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, भोपाल में प्रशिक्षण प्राप्त करने की अनुमति मिल गई है।

अनुमति मिलने के बाद विद्यार्थियों ने संस्थान में प्रशिक्षण के लिए जाना भी प्रारंभ कर दिया है। प्रशिक्षण को लेकर विद्यार्थियों में विशेष उत्साह है। भोपाल स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों को आधुनिक चिकित्सा तकनीकों, अत्याधुनिक उपकरणों तथा उन्नत उपचार एवं रोगी देखभाल की प्रक्रियाओं का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त होगा। इससे विद्यार्थियों को अस्पताल की कार्यप्रणाली को नजदीक से समझने का अवसर मिलेगा। कॉलेज प्रबंधन के अनुसार प्रशिक्षण का उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित न रखते हुए उन्हें वास्तविक अस्पताल के वातावरण से परिचित कराना है। इससे उनके व्यावहारिक ज्ञान, तकनीकी दक्षता और व्यावसायिक क्षमता में वृद्धि होगी। कॉलेज प्रबंधन ने बताया कि प्रतिष्ठित चिकित्सा संस्थान में प्रशिक्षण विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ राष्ट्रीय स्तर के संस्थानों में व्यावहारिक प्रशिक्षण दिलाना संस्थान की प्राथमिकताओं में शामिल है। इस उपलब्धि पर कॉलेज प्रबंधन ने विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों को बधाई देते हुए इसे विदिशा के लिए भी गौरवपूर्ण क्षण बताया।



कलेक्टर के निर्देश पर बिजली संबंधी मामलों में तत्काल कार्रवाई

विदिशा। जनसुनवाई में बिजली कंपनी से संबंधित शिकायतों का निराकरण किया गया। कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने प्राप्त आवेदनों की समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। सिरोंज तहसील के ग्राम साकल निवासी अभिषेक राजपूत ने भैंस की करंट लगने से मौत पर मुआवजे के लिए आवेदन दिया था। बिजली कंपनी ने तत्काल भुगतान किया। वहीं गुलाबगंज निवासी अरुण सिंह दांगी के मुख्यमंत्री कृषक मित्र योजना से संबंधित आवेदन का भी त्वरित निराकरण किया गया। लटेरी जनपद पंचायत के ग्राम मुस्कुरा के सरपंच शिवराज सिंह ने हरिजन टोला में ट्रांसफार्मर लगाकर विद्युतीकरण की मांग की। विभाग ने बताया कि 15 परिवारों वाली बस्ती के लिए 25 केवीए ट्रांसफार्मर और 4 किलोमीटर लाइन विस्तार की जरूरत है, जिसकी अनुमानित लागत 3.79 लाख रुपये है। सर्वे के बाद डीपीआर वरिष्ठ कार्यालय को भेजी गई है।

पद्मश्री से सम्मानित नारायण व्यास का 30 को सांची स्थित बौद्ध समिति सभागार में होगा सम्मान



विदिशा। विदिशा की विरासत समूह की बैठक मंगलवार को स्थानीय सर्किट हाउस में आयोजित हुई। बैठक में देश के प्रसिद्ध पुरातत्वविद एवं विदिशा की विरासत समूह के मार्गदर्शक सदस्य डॉ. नारायण व्यास को भारत सरकार द्वारा प्रतिष्ठित पद्मश्री सम्मान दिए जाने पर उनका अभिनंदन करने का निर्णय लिया गया। डॉ. व्यास का सम्मान रायसेन की इतिहास लेखन समिति एवं विदिशा की विरासत समूह के संयुक्त तत्वावधान में 30 अगस्त को सांची स्थित बौद्ध समिति के सभागार में किया जाएगा। कार्यक्रम दोपहर 2:30 बजे आयोजित होगा। बैठक में विरासत समूह के गोविंद देवरिया, अरविंद श्रीवास्तव, प्रकाश जोशी, इस्माइल खान, उमेश शर्मा, कैलाश अग्रवाल, मनमोहन बंसल, अवधेश दुबे, सुभाष जैन, प्रवीण शर्मा, संतोष नामदेव, राजकुमार सराफ, शिवकुमार तिवारी, सुरेंद्र राठौर, ऋषि जालोरी और गौरव सक्सेना सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे। उन्होंने प्रबुद्धजनों से कार्यक्रम में उपस्थित होकर डॉ. व्यास के सम्मान समारोह को गरिमामय बनाने की अपील की।

लव-कुश जन्मोत्सव एवं भव्य चल समारोह की तैयारियों को लेकर समाजजनों ने किया मंथन

ग्यारसपुर। स्थानीय कुशवाहा शिवालय में तहसील स्तरीय कुशवाह महासभा की बैठक आयोजित हुई। अध्यक्षता कुश कल्याण बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष एवं कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त नारायण सिंह कुशवाह ने की। बैठक में 29 अगस्त को लव-कुश जन्मोत्सव तथा 4 सितंबर को ग्यारसपुर में प्रस्तावित भव्य चल समारोह एवं प्रतिभागियों के सम्मान समारोह की तैयारियों पर चर्चा की गई। नारायण सिंह कुशवाह ने समाज की एकजुटता और संगठन को मजबूत बनाने पर जोर देते हुए कहा कि शिक्षा, रोजगार और युवाओं के बेहतर भविष्य के लिए निरंतर प्रयास जरूरी हैं। बाबूलाल कुशवाह ने समाज के गौरवशाली इतिहास का उल्लेख करते हुए महापुरुषों के आदर्शों से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। बैठक में आयोजन को भव्य एवं सफल बनाने, समाज की अधिकाधिक सहभागिता सुनिश्चित करने सहित विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श हुआ। इस दौरान भगवान सिंह कुशवाह, सिद्धी कुशवाह, लीलाधर कुशवाह, हरगोविंद कुशवाहा, गोपाल सिंह कुशवाह सहित बड़ी संख्या में समाजबंधु उपस्थित रहे।

संस्कृत के संरक्षण और संवर्धन के लिए संस्कृत भारती का अभिनव प्रयास

तिलककरण के साथ संस्कृत सप्ताह का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

भारतीय संस्कृति की आधारशिला एवं वेदमयी वाणी संस्कृत के संरक्षण, संवर्धन और जन-जन तक प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से संस्कृत भारती द्वारा आयोजित संस्कृत सप्ताह का शुभारंभ मंगलवार को श्रद्धा, उत्साह और गरिमामय वातावरण में हुआ।

25 से 31 अगस्त तक चलने वाले सप्ताह के प्रथम दिन माधवगंज स्थित प्राचीन शिवालय कांच मंदिर परिसर में तिलककरण कार्यक्रम के साथ संस्कृत सप्ताह का विधिवत शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का संचालन संस्कृत भारती जिला अध्यक्ष धर्माचार्य डॉ. मनोज शिवनारायण चतुर्वेदी शास्त्री ने किया। धर्माचार्य पंडित विष्णु प्रसाद शास्त्री ने कहा कि संस्कृत विश्व की प्राचीन एवं वैज्ञानिक भाषाओं में से एक है, जिसका भारतीय संस्कृति और ज्ञान परंपरा में महत्वपूर्ण स्थान है।

संस्कृत में भारत की आत्मा का वास

वरिष्ठ समाजसेवी एवं राजनेता पंडित श्याम सुंदर शर्मा ने कहा कि भारत की आत्मा संस्कृत में निवास करती है। संस्कृत का संरक्षण और



संवर्धन भारतीय संस्कृति को मजबूत बनाए रखने के लिए आवश्यक है। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों को संस्कृत सीखने और बोलने के लिए प्रेरित किया। विद्वान वक्ता पंडित मनोज कटारे ने कहा कि संस्कृत केवल अतीत की भाषा नहीं, बल्कि भविष्य की भी भाषा है। आधुनिक विज्ञान और तकनीकी क्षेत्र में भी इसके महत्व पर शोध हो रहा है। अरुण अवस्थी ने भी संस्कृत की महत्ता पर विचार रखे। कार्यक्रम में पंडित इन्द्रेश व्यास, अरुण अवस्थी, संतोष नामदेव सहित अनेक धार्मिक एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। उपस्थित लोगों ने संस्कृत के प्रचार-प्रसार का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि संस्कृत किसी एक वर्ग की नहीं, बल्कि संपूर्ण मानवता की धरोहर है। अंत में नगर संयोजक प्रो. अरविंद द्विवेदी ने अतिथियों एवं नागरिकों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने आगामी कार्यक्रमों में अधिकाधिक सहभागिता का आग्रह किया।

कार्यालय रिटर्निंग अधिकारी जल क्षेत्रीय भोई समाज मत्स्योद्योग सह. समिति मर्या. सिरोंज

पं. क्र. 235 दिनांक 12.05.1981

विशेष आमसभा सूचना

समिति के सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है, कि समिति के संचालक मण्डल के निर्वाचन विशेष आमसभा दिनांक 08.09.26 को समय 11.00 बजे से 4.00 बजे तक समिति कार्यालय सिरोज पर आयोजित की जाएगी। दिनांक 01.09.26 को समय 12.00 बजे से 3.00 बजे तक नामांकन पत्र लिये जाएंगे। दिनांक 02.09.26 को नामांकन पत्रों की जाँच दोपहर. 1.00 बजे से की जाएगी। दिनांक 03.09.26 को 12.00 बजे से 2.0 बजे तक नामांकन पत्र वापस लिये जा सकेंगे तत्पश्चात चुनाव चिन्हों का आवंटन रिटर्निंग अधिकारी द्वारा किया जाएगा । आमसभा व निर्वाचन कार्यक्रम की सूचना सभी सदस्यों को पृथक से प्रेषित की गयी है, सभी संस्था सदस्य आमसभा में उपस्थित होने का कष्ट करें ।

अरविंद कुमार रघुवंशी
रिटर्निंग अधिकारी
जल क्षेत्रीय भोई समाज मत्स्योद्योग
सहकारी संस्था मर्या. सिरोज

।। जाहिर सूचना ।।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री राजीव विश्वकर्मा पुत्र स्व. श्री रमेश विश्वकर्मा निवासी वार्ड नं. 07 नया 12, पेढ़ी स्कूल के पास, विदिशा तहसील व जिला विदिशा म.प्र. द्वारा मेरे पक्षकार उग्र केपिटल लिमिटेड शाखा विदिशा से लोन प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है उनके द्वारा एक मकान जिसका क्षेत्रफल 363.41 वर्गफिट है जो कि नगर पालिका सीमा अंदर मकान नं. 900, पटवारी हल्का नं. 60 नया 02, वार्ड नं. 07 नया 12, नाना साहब पेशवा पथ गर्ल्स स्कूल के सामने विदिशा तहसील व जिला विदिशा म.प्र. में स्थित है जिसकी चतुर्थ सीमाएँ इस प्रकार हैं पूर्व में ओमप्रकाश विश्वकर्मा का मकान पश्चिम में खुली भूमि और सरकारी रोड़ उत्तर में पेढ़ी चौराहा ब्रिज दक्षिण में रामकृष्ण जड़िया जी का मकान स्थित है जो उनके द्वारा उक्त मकान के पूर्व स्वामी श्रीमति बसंती बाई पत्नि स्वर्गीय श्री रमेश विश्वकर्मा निवासी निवासी वार्ड नं. 07 नया 12, पेढ़ी स्कूल के पास, विदिशा तहसील व जिला विदिशा म.प्र. से ई-विक्रयपत्र क्रमांक MP452732025A1172976 दिनाँक 13-03-2025 को क्रय किया गया था । उक्त मकान पर श्री राजीव विश्वकर्मा पुत्र स्व. श्री रमेश विश्वकर्मा निवासी वार्ड नं. 07 नया 12, पेढ़ी स्कूल के पास, विदिशा तहसील व जिला विदिशा म.प्र. द्वारा लोन प्राप्त करने हेतु मेरे पक्षकार उग्र केपिटल लिमिटेड शाखा विदिशा मे आवेदन प्रस्तुत किया गया हैं उक्त मकान पर किसी व्यक्ति या संस्था का किसी प्रकार का हक या आपत्ति हो तो वह उक्त सूचना प्रकाशन के सात दिवस के अंदर मेरे कार्यालय स्थित प्रथम तल, जिला न्यायालय के सामने, इक्वाटास स्मॉल फायनेंस के ऊपर विदिशा तहसील व जिला विदिशा म.प्र. मे आकर आपत्ति दर्ज करायें ऐसा ना करने की दशा में मेरा पक्षकार कम्पनी उक्त संम्पत्ति पर लोन प्रदान करने अग्रसर होगी समयावधि के बाद किसी प्रकार की दावा आपत्ति स्वीकार नहीं होगी ।

भवदीय **आशीष श्रीवास्तव** एडवोकेट
प्रथम तल, जिला न्यायालय के सामने, इक्वाटास स्मॉल फायनेंस के ऊपर विदिशा तहसील व जिला विदिशा म.प्र. मोबाईल नं. 9685965100

राजस्व रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं होने से नहीं मिल रहा शासन की योजनाओं का लाभ

70-80 साल से जमीन पर काबिज ग्रामीणों ने पट्टा देने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में नामांतरण सीमांकन सहित आम सरकारी रास्तों पर अतिक्रमण सहित कई मामले जनसुनवाई के लिए पहुंचे। तहसील गौहरगंज के ग्राम गौतमपुर के ग्रामीणों ने अपनी पुश्तैनी कृषि भूमि का पट्टा एवं खसरा उपलब्ध कराने की मांग को लेकर शासन-प्रशासन से गुहार लगाई है। ग्रामीणों का कहना है कि वे करीब 70 से 80 वर्षों से उक्त भूमि पर काबिज हैं और खेती कर परिवार का भरण-पोषण करते आ रहे हैं। लेकिन पटवारी मैडम नेआज तक उन्हें भूमि का पट्टा/खसरा उपलब्ध नहीं कराया गया है।

ग्रामीणों द्वारा दिए गए आवेदन में बताया गया है कि जिस समय गांव को बसाया गया था। उस दौरान शासन की ओर से भूमि उपलब्ध कराई गई थी। ग्रामीणों के अनुसार लंबे समय से वे इस जमीन पर खेती करते हुए अपना जीवन-यापन कर रहे हैं। इसके बावजूद भूमि का विधिवत पट्टा और ऑनलाइन राजस्व रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं होने के कारण उन्हें शासन की योजनाओं और जमीन से मिलने वाले अन्य लाभों का फायदा नहीं



मिल पा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि भूमि पर उनका वर्षों पुराना कब्जा है और वे लगातार कृषि कार्य कर रहे हैं। परिवारों का भरण-पोषण भी इसी जमीन से होने वाली कृषि आय पर निर्भर है। पट्टा और खसरा नहीं होने से उन्हें भविष्य में भूमि संबंधी परेशानियों की चिंता बनी हुई है। जबकि बही उनके पास मौजूद हैं।

जिला प्रशासन से सर्वे कराकर पट्टा देने की मांग

ग्रामीणों ने आवेदन में प्रशासन से मांग की है कि मौके की जांच कर लंबे समय से जमीन पर काबिज ग्रामीणों की स्थिति का सत्यापन कराया जाए। इसके बाद नियमानुसार भूमि का पट्टा एवं खसरा उपलब्ध कराया जाए। ताकि उन्हें राजस्व रिकॉर्ड में अधिकार मिल सके और शासन की योजनाओं का लाभ भी प्राप्त हो सके।ग्रामीणों ने कहा कि यदि प्रशासन द्वारा उनकी समस्या का निराकरण किया जाता है तो वर्षों से चली आ रही परेशानी दूर होगी और वे अपनी कृषि भूमि पर सुरक्षित रूप से जीवन-यापन कर सकेंगे।

5 साल से सड़क के लिए परेशान ग्रामीण, जनसुनवाई में लगाई गुहार

रायसेन। जिले की तहसील बरेली के ग्राम महेश्री के ग्रामीण पिछले पांच साल से सड़क की समस्या से परेशान हैं। लंबे समय से सड़क निर्माण की मांग करने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं होने पर ग्रामीण मंगलवार को जनसुनवाई में पहुंचे। यहां उन्होंने जिला कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा से मुलाकात कर गांव की सड़क की समस्या से अवगत कराया। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क की स्थिति खराब होने के कारण महेश्री गांव के लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बारिश के दौरान समस्या और बढ़ जाती है। ग्रामीणों का कहना है कि वे पिछले पांच साल से सड़क निर्माण की मांग कर रहे हैं।लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों की शिकायत सुनने के बाद कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा ने तत्काल संबंधित अधिकारियों से फोन पर चर्चा की और आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। कलेक्टर के निर्देश के बाद ग्रामीणों को सड़क निर्माण की उम्मीद जगी है। जनसुनवाई में कलेक्टर विश्वकर्मा द्वारा तत्काल अधिकारियों को निर्देश दिए जाने के बाद ग्रामीणों को भरोसा है कि अब उनकी पांच साल पुरानी समस्या का जल्द समाधान होगा। ग्रामीणों ने गांव में सड़क निर्माण का काम शीघ्र शुरू कराने की मांग की है।

पानी-बिजली-सड़क को तरस रहे लोग, आंदोलन की चेतावनी

गढ़ी के लोहागढ़ में विकास के दावे फेल

कीचड़ में सने नौनिहाल, ठप पड़ी आंगनबाड़ी



हरिभूमि न्यूज ⏭ गैरतगंज

एक तरफ जहां सरकार डिजिटल इंडिया और आदर्श ग्राम के दावे कर रही है। वहीं दूसरी तरफ जनपद पंचायत गैरतगंज की ग्राम पंचायत गढ़ी के वार्ड-27 लोहागढ़ में लोग आज भी नारकीय जीवन जीने को मजबूर हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि मौजूदा पंचवर्षीय कार्यकाल में वार्ड में एक भी विकास कार्य नहीं हुआ। सरपंच सैयद मसूद पटेल ने त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के बाद वार्ड की तरफ पलटकर भी नहीं देखा।

मासूमों के भविष्य पर ताला

प्रशासनिक लापरवाही का सबसे बड़ा दर्दनाक पहलू यह है कि बच्चों की शिक्षा और पोषण से जुड़ा है। घुटनों कीचड़ और दलदल वाले रास्तों और जानलेवा कीचड़ के कारण छोटे-छोटे मासूम मीना से आंगनबाड़ी केंद्र नहीं पहुंच पा रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि आंगनबाड़ी सहायिका कई बार बच्चों को ले जाने का प्रयास करती हैं। लेकिन कीचड़ में फिसलन पैदा होने की वजह से उन्होंने भी अब आना बंद कर दिया है। सबसे बुरा हाल बच्चों का है। कीचड़ भरे रास्तों के कारण बच्चे महीनों से कीचड़ दलदल की वजह से आंगनवाड़ी नहीं जा पा रहे। ग्रामीणों ने बताया कि आंगनवाड़ी सहायिका खुद कीचड़ में फिसलकर गिर चुकी है। इसके बाद से उसने भी आना बंद कर दिया है। इससे बच्चों को न तो पोषण आहार मिल रहा है और न ही प्री-स्कूल शिक्षा का ज्ञान। आक्रोशित ग्रामीणों ने स्थानीय प्रशासन को चेतावनी दी है कि जल्द ही सड़क, बिजली और पानी की व्यवस्था नहीं की गई तो सड़कों पर उतरकर उग्र आंदोलन और चक्काजाम किया जाएगा।

खास बातें

- **कीचड़ में तब्दील रास्ते**
  पक्की सड़क नहीं होने से बारिश में पूरे वार्ड के रास्ते दलदल बन गए हैं। घर से बाहर निकलना तक मुश्किल है।
- **अंधेरे में डूबा लोहागढ़**
  बिजली के खंभे तो हैं, पर स्ट्रीट लाइटें नहीं। रात होते ही पूरा वार्ड अंधेरे में डूब जाता है। बारिश में गलियों में रेंगते जीव जंतुओं से भी ग्रामीण बच्चे दहशत में हैं।
- **पेयजल संकट**
  नल-जल योजना के दावे फेल हैं। वार्ड के हैंडपंप महीनों से खराब पड़े हैं। उनकी मरम्मत के लिए पंचायत के जिम्मेदार शिकायतों पर ध्यान नहीं दिया गया है। लोगों को पानी के लिए खेतों तक जाना पड़ रहा है।

इनका कहना है

हमारे वार्ड में मूलभूत सुविधाओं के नाम पर कोई काम नहीं हुआ। हर बार चुनाव में विकास के सुनहरे सपने दिखाए जाते है, पर मिलता सिर्फ छलावा है। प्रशासन जल्द सड़क-पानी-लाइट की व्यवस्था कराए।

अनीता सिलावट, निवासी
वार्ड-27 लोहागढ़

पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया, सुसाइड नोट बरामद किया

शिकायतों से परेशान सेल्समैन ने महुआ के पेड़ से लटक कर लगाया मौत को गले

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलवानी

शासकीय उचित मूल्य दुकान के सेल्समैन ने स्वयं के खेत में स्थित महुआ के पेड़ पर लटक का मौत को गले लगा लिया। सूचना पर मौके पर पहुंची सिलवानी पुलिस ने पंचनामा कार्रवाही कर शव को सिविल अस्पताल पहुंचाया। मौके से पुलिस ने दो पन्ने का एक सुसाइड नोट भी बरामद किया। जानकारी के अनुसार तहसील के ग्राम पंचायत खमकुंआ निवासी रामस्वरुप उइके 46 पिता झिरीशा जो कि खमकुंआ स्थित उचित मूल्य की दुकान पर सेल्समैन का कार्य करता था। महुआ के पेड़ पर रस्सी का फंदा बना कर मंगलवार की सुबह आत्म हत्या कर ली।



सेल्समैन द्वारा आत्महत्या कर लेने से ग्राम में शोक व्याप्त है। मृतक के दो पुत्र अंकित 21, सचिन 18 तथा एक पुत्री प्रियंका 23 वर्ष है। पुलिस ने मर्ग कायम का मामला जांच में लिया है।

मृतक ने सुसाइड नोट में उल्लेख किया है कि राशन वितरण करने वाली मशीन खराब हो गई। जिसे ठीक कराने के लिए इंजीनियर के बुलाने पर 4 बार रायसेन गया तब मशीन ठीक हो सकी। लेकिन मशीन खराब होने कारण राशन का वितरण नहीं हो सका। मशीन खराब होने की जानकारी खाध्य निरीक्षक को भी दी गई थी। मशीन खराब होने से मार्च, अप्रैल दो माह का राशन लेप्स हो गया। परंतु हितग्राही राशन के लिए परेशान कर रहे थे। हितग्राहियों द्वारा मुख्यमंत्री हेल्प लाइन नंबर 181 पर शिकायत भी की गई थी। सुसाइड नोट में कुछ पत्रकारों द्वारा परेशान किए जाने का भी उल्लेख है। इन सभी बातों से परेशान होने के कारण मृतक ने आत्महत्या कर ली। टीआई संजीत परते ने बताया कि सुसाइड नोट बरामद हुआ है। मर्ग काम कर जांच में लिया है। जांच में आए तथ्यों के आधार पर कार्रवाही की जाएगी।

समय के संयम से ही विद्या में श्रेष्ठता संभव : स्वामी विमल सेवा दास

बरेली। स्वामीनारायण अक्षरधाम मंदिर, इंदौर के प्रदेश प्रमुख स्वामी विमल सेवा दास महाराज ने डेफोडिल स्कूल के विद्यार्थियों को समय के संयम और एकाग्रता का महत्व बताया। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए स्वामी विमल सेवा दास महाराज ने कहा कि विद्या अध्ययन में श्रेष्ठता हासिल करने के लिए समय का संयम बेहद जरूरी है। बच्चों को मोबाइल आदि से अपना ध्यान भटकाने के बजाय एकाग्रचित्त होकर



अध्ययन करना चाहिए। समय का सदुपयोग और निरंतर मेहनत करने से विद्यार्थी निश्चित रूप से श्रेष्ठ परिणाम प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने डेफोडिल स्कूल की प्रशंसा करते हुए कहा कि बरेली जैसे कस्बे में ऐसा विद्यालय उपलब्ध होना सराहनीय है, जहां बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ धार्मिक एवं संस्कारयुक्त वातावरण भी मिल रहा है।

मुरैल खुर्द पूर्व में सीसी रोड नहीं होने से ग्रामीण हो रहे परेशान, पंचायत से सड़क निर्माण की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

बिना बैस के बनाई घटिया सीसी सड़क

ग्राम मुरैल खुर्द पूर्व में सीसी रोड नहीं होने से ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत कनपोहरा के माध्यम से जिला प्रशासन को आवेदन देकर गांव के संबंधित मोहल्ले में सीसी रोड निर्माण कराने की मांग की है। वहीं ग्रामीणों द्वारा जिला पंचायत सीईओ कमल सोलंकी से मुलाकात कर आवेदन सौंपा है।

ग्रामीणों मलका बेगम, कृष्णा बाई, महेंद्र कुमार, भगवान दास जीवन सिंह का कहना है कि गांव के कुछ हिस्सों में सीसी रोड का निर्माण हो चुका है। लेकिन कई गलियों को अब तक पक्की सड़क की सुविधा नहीं मिली है। आरिफ खान मोहन प्रजापति ने बताया कि हरिजन मोहल्ला, मेवाती मोहल्ला सड़क सुविधा के लिए महरूम हैं। बारिश के दौरान इन रास्तों पर कीचड़ और पानी जमा हो जाता है, जिससे लोगों का निकलना मुश्किल हो जाता है। खासकर बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को आने-जाने में परेशानी होती है। आवेदन में बताया गया है कि कच्चे रास्ते के कारण ग्रामीणों को रोजमर्रा के कामों के लिए आवागमन में दिक्कत होती है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि मौके का निरीक्षण कर सीसी रोड निर्माण के लिए प्रस्ताव तैयार कराया जाए और बजट स्वीकृत कर जल्द काम शुरू कराया जाए। ग्रामीणों ने कहा कि पक्की सड़क बनने से मोहल्ले के लोगों को आवागमन की सुविधा मिलेगी और बारिश के मौसम में होने वाली परेशानी से भी राहत मिलेगी। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और पंचायत से जल्द कार्रवाई की उम्मीद जताई है।

ग्रामीणों ने सरपंच अभिलाषा कैलाश पटेल और निर्माण ठेकेदार अनूप सिंह मीणा पर मनमानी और घटिया सीसी सड़क निर्माण का आरोप लगाए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि दो सीसी सड़क साढ़े तीन लाख और छह लाख रूपये की लागत से बजाय आठ इंची सड़क के तीन और ढाई इंची सड़क घटिया स्तर की बनाई जा रही है।

इनका कहना है...

हम एई और पंचायत के इंजीनियरों की टीम भिजवाकर सड़क मटेरियल जांच कर दोषियों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी।

कमल सोलंकी, जिला पंचायत सीईओ रायसेन

रिश्तों की मिठास और राखी की चमक से सजा बाजार

भाइयों के लिए खास तैयारी में जुटीं बहनें

रायसेन। भाई बहन के पवित्र रिश्ते और प्रेम का रक्षाबंधन का त्यौहार नजदीक आते ही गंजबाजार में राखियों और मिठाइयों नारियल रुमाल की रौनक बढ़ गई है। बहनें भाइयों की पसंद को ध्यान में रखते हुए राखी, मिठाई और उपहारों की खरीदारी में जुटी हैं। दुकानों पर रंग-बिरंगी राखियों की कई वैरायटी उपलब्ध हैं। वहीं मिठाई की दुकानों पर भी ग्राहकों की भीड़ बढ़ने लगी है। रक्षाबंधन भाई-बहन के स्नेह, विश्वास और रिश्ते की मिठास का पर्व है। बहनें इस दिन अपने लाड़ले भाई की कलाई पर राखी बांधकर उसकी लंबी उम्र और सुख-समृद्धि की कामना करती हैं। रक्षाबंधन के त्यौहार को लेकर घरों में भी गुजिया पपड़ी बनाने की तैयारियां शुरू हो गई हैं।

भाई की पसंद की राखी और मिठाई पर जोर....

बाजार में बहनें राखी खरीदने के साथ भाइयों की पसंद की मिठाई और उपहार भी ले रही हैं। कई बहनों का कहना है कि अब राखी खरीदना केवल परंपरा नहीं रह गया है।बल्कि भाई की पसंद और पसंदीदा रंग का भी विशेष ध्यान रखा जाता है। शहर के गंजबाजार में बच्चों से लेकर युवाओं और बड़ों के लिए अलग-अलग डिजाइन की राखियां उपलब्ध हैं। कुछ महिलाएं त्यौहार पर बाजार की मिठाई के बजाय घर पर ही मिठाई बनाने की तैयारी कर रही हैं। उनका कहना है कि घर की बनी मिठाई में अपनापन और स्वाद मिठास दोनों रहता है। हालांकि बाजार से मिठाई खरीदने वाले लोग भी उसकी ताजगी और गुणवत्ता को लेकर सतर्क नजर आ रहे हैं।



बचपन की यादों से जुड़ा त्योहार

रक्षाबंधन आते ही भाई-बहन को बचपन की यादें भी ताजा हो जाती हैं। बहनों का कहना है कि बचपन में राखी और मिठाई को लेकर जो उत्साह रहता था।वह आज भी बरकरार है। फर्क सिर्फ इतना है कि अब छोटी-छोटी चीजों के बजाय भाई की पसंद का ध्यान रखते हुए खरीदारी की जाती है। बहनों ने बताया कि राखी बांधने के बाद भाई का चेहरा खुशी से खिल उठता है। यही खुशी उनके लिए सबसे बड़ा अनमोल उपहार है। रिश्ते में प्यार और अपनापन छोटी-छोटी खुशियों से ही बढ़ता है।

ग्राहक मिठाई खरीदते समय रखें ताजगी का ध्यान

त्योहार के दौरान मिठाइयों की मांग बढ़ने के साथ ही ग्राहकों को मिठाई की ताजगी और गुणवत्ता पर ध्यान देने की जरूरत है। खासकर दूध से बनी मिठाइयां खरीदते समय उनकी तिथि, रख-रखाव और गुणवत्ता की जांच करना जरूरी है। बहनों का कहना है कि राखी के साथ भाई की सेहत का ख्याल रखना भी उतना ही जरूरी है। रक्षाबंधन को लेकर बाजारों में बढ़ी चहल-पहल से व्यापारियों के चेहरे भी खिले हुए हैं। आने वाले दिनों में खरीदारी और बढ़ने की उम्मीद है।

रक्षाबंधन पर पीएम श्री स्कूल में मेहंदी और राखी मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ दीवानगंज

रक्षाबंधन पर्व के अवसर पर पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दीवानगंज में मेहंदी प्रतियोगिता एवं राखी मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रभारी प्राचार्य प्रीति कहार ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए रक्षाबंधन पर्व के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को पर्व की परंपरा और भाई-बहन के प्रेम एवं स्नेह के महत्व के बारे में जानकारी दी। राखी



मेकिंग प्रतियोगिता के लिए अनुराधा चतुर्वेदी तथा मेहंदी प्रतियोगिता के लिए निधि जैन को प्रभारी नियुक्त किया गया। व्यायाम निर्देशक मनोज पवार ने कार्यक्रम की व्यवस्थाओं के साथ-साथ संचालन की जिम्मेदारी संभाली। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि प्रतियोगिता में सहभागिता करने वाले सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों में खासा उत्साह देखने को मिला।

छात्र-छात्राओं ने किया अभिषेक पूजन

न्यायालय परिसर के हनुमान मंदिर में छात्रों ने बनाए शिवलिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

सावन माह के अंतिम सोमवार को एडीजे कोर्ट परिसर में बने हनुमान मंदिर में विद्या निकेतन विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा पार्थिव शिवलिंगों रुद्री का भारी उत्साह उमंग के साथ निर्माण किया गया। मंदिर परिसर में शिव भक्ति मय माहौल बना रहा। विधि विधान से हुआ अभिषेक- स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा पार्थिव शिवलिंगों रुद्री का आकर्षक सुंदर निर्माण भक्ति भाव के साथ किया गया। परिसर में ओम नमः शिवाय बम बम भोले के जय कारे भी घूंजते



रहे। रुद्राभिषेक पूजन कार्यक्रम में एडीजे सतीश चंद्र मालवीय न्यायाधीश प्रणय दीप ठाकुर ललित कुमार अंकिता नागर मंदिर पहुंचे और अभिषेक पूजन किया गया। इसी के साथ अभिभाषक संघ के पदाधिकारी वकीलों के साथ अन्यों ने भी अभिषेक पूजन कर भगवान शंकर से प्रार्थना की।

अब तक डी ग्रेड में थी मंडी, 5 माह में 55 लाख राजस्व आने पर शासन ने बढ़ाया ग्रेड

सिलवानी कृषि उपज मंडी को मिला बी ग्रेड का दर्जा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलवानी

नगर की कृषि उपज मंडी को राज्य शासन द्वारा बड़ी सौगात दी गई है। शासन ने सिलवानी कृषि मंडी को बी ग्रेड मंडी का दर्जा दे दिया है। अभी तक यह मंडी डी ग्रेड कृषि मंडी के रूप में संचालित हो रही थी। बी ग्रेड का दर्जा मिलने से अब मंडी में सुविधाओं के साथ ही कर्मचारियों की संख्या में भी इजाफा होगा, जिससे किसानों, व्यापारियों और तुलावटियों के कार्य सहज, सरल और समय सीमा में पूरे हो सकेंगे। सुविधा बढ़ने से स्वाभाविक रूप से कृषि मंडी की आय में भी वृद्धि होगी। जानकारी के अनुसार मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड भोपाल के आयुक्त सह प्रबंध संचालक के हस्ताक्षर से जारी आदेश में रायसेन जिले की सिलवानी कृषि उपज मंडी को बी ग्रेड मंडी घोषित किया गया है। आदेश जारी होते ही स्थानीय कृषि उपज मंडी में बी ग्रेड का दर्जा मिलने की खबर से किसानों, व्यापारियों और तुलावटियों में खुशी की लहर देखी जा रही है। लंबे समय से मंडी के ग्रेड बढ़ाने की मांग



की जा रही थी, जो अब पूरी हो गई है।

बी ग्रेड मंडी हो जाने से सबसे बड़ा फायदा कर्मचारियों की संख्या बढ़ने के रूप में होगा। डी ग्रेड के मान से अभी मंडी में सीमित स्टाफ कार्यरत है, जिसके कारण कई बार किसानों को नीलामी और तौल में देरी का सामना करना पड़ता था। लेकिन अब बी ग्रेड का दर्जा मिलने के बाद सभी वर्गों के कर्मचारियों की संख्या बढ़कर करीब 40 हो जाएगी। इसमें सचिव, लेखापाल, लिपिक वर्ग, मंडी निरीक्षक, उप निरीक्षक, चौकीदार, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी, इलेक्ट्रीशियन सहित अन्य पदों पर वरिष्ठ कार्यालय द्वारा कर्मचारियों की तैनाती की जाएगी। स्टाफ बढ़ने से मंडी का संचालन अधिक व्यवस्थित और पारदर्शी होगा।

किसानों द्वारा बड़ी संख्या में विभिन्न प्रकार की जिन्स विक्रय हेतु कृषि मंडी में लाई जाती हैं। जिसका नियमानुसार नीलामी के माध्यम से पंजीकृत व्यापारियों द्वारा क्रय किया जाता है। सिलवानी मंडी क्षेत्र में मुख्य रूप से गेहूं, चना, तुअर और धान आदि जिन्सो की आवक अधिक होती है। किसानों द्वारा लाए गए अनाज की नीलामी से कृषि मंडी को राजस्व प्राप्त होता है। इसी राजस्व के आधार पर मंडियों का ग्रेड तय किया जाता है। प्राप्त जानकारी के अनुसार किसानों द्वारा लाए गए अनाज की नीलामी से कृषि मंडी सिलवानी को बीते 5 माह में अप्रैल से अगस्त तक करीब 55 लाख रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ है। जबकि बीते वित्तीय वर्ष 2024-25 में मंडी को करीब 6 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ था। इसी प्राप्त राजस्व की गणना और मंडी की कार्यक्षमता के आधार पर बोर्ड ने सिलवानी मंडी को बी ग्रेड मंडी घोषित किया है। इस संबंध में कृषि उपज मंडी सिलवानी के सचिव मनमोहन कोली ने बताया कि कृषि उपज मंडी को बी ग्रेड मंडी घोषित किया गया है। शासन का आदेश प्राप्त हो गया है। अब बी ग्रेड के मान से कर्मचारियों की पोस्टिंग होगी तथा मंडी की मूलभूत सुविधाओं में भी वृद्धि होगी, जिसका सीधा लाभ अन्नदाताओं को मिलेगा।